शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान मानवता का कल्याण




# मिशन शिक्षण संवाद

## की प्रस्तुति


### शैक्षिक कविताओं का संग्रह

# काव्य मंजरी

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय



आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ। #9458278429



# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 01 दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय

अपने भारत देश का यह,
अभियान्त्रिकी विश्वविद्यालय है।
दिल्ली में अवस्थित है जो,
प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय है।।



सन 1940 में बना था यह,
दिल्ली पॉलिटेक्निक के रूप में
आजादी के पहले बनाया गया,
पहले इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में।।

सन दो हजार नौ में इसे,
बनाया गया था विश्वविद्यालय।
बी टेक, एम टेक, पी एच डी का,
पाठ्यक्रम कराता यह विद्यालय।।

'दिल्ली कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग',
यह इसका पुराना नाम है।
14 शैक्षणिक विभाग इसके,
शिक्षा देना जिनका काम है।।

रचना-
पूनम गुप्ता “कलिका” (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, अलीगढ़





# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

**02**

# चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय

पहले था मेरठ विश्वविद्यालय,
अब है चौ० चरण सिंह का नाम।
पश्चिमी उ० प्र० में उच्च शिक्षा,
का प्रचार, प्रसार है काम।।





1965 में इसकी शुरुआत हुई,
222 एकड़ में फैला हुआ।
उच्च स्तर की सभी सुविधाएँ,
हर जगह है परचम लहराया हुआ।।

राज्यपाल होते हैं इसके कुलपति,
उपकुलपति हैं संगीता शुक्ला।
अनेक विद्यालय सम्बद्ध इससे,
शानदार व भव्य रुप मिला।।

सुश्री मायावती, विपिन रावत,
अरुण गोविल सभी पढ़े यहाँ।
अलका तोमर, सुशील कुमार,
दिव्या काकरान से खिलाड़ी यहाँ।।



रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

**03**

## दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय



गोरखनाथ की पावन नगरी,
जहाँ स्थापित शिक्षा केन्द्र।
तीन सौ एकड़ भूविस्तार,
डी डी यू से प्रसिद्ध ये केन्द्र।।

वाणिज्य,विधि और शिक्षा संकाय,
संग कृषि, चिकित्सा और विज्ञान।
आ नो भद्रा: कृतवो यन्तू विश्वत:,
इस आदर्श वाक्य से दिया है ज्ञान।।

दीक्षा भवन का विशाल प्रांगण,
जहाँ चलती स्नातक कक्षाएं।
विविध परीक्षाओं का आयोजन,
जिससे यह भवन भव्यता पाये।।

सामाजिकी–मानविकी भवन बने,
इलाहाबाद बैंक और डाकघर हैं अंग।
अध्यापक कर्मचारी भवन भी बनें,
जहाँ सभी रहते हैं खुशी से संग–संग।।

रचना-
सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा वि० खजनी (रुद्रपुर)
क्षेत्र- खजनी,जनपद- गोरखपुर



शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

**04**

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय

भारत के उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों में से,
एक कानपुर विश्वविद्यालय प्रसिद्ध है।
वर्तमान में यह छत्रपति शाहू जी,
महाराज विश्वविद्यालय से सुप्रसिद्ध है॥
कानपुर विश्वविद्यालय की स्थापना 1966 में,
राधा कृष्णन आयोग के सुझाव से हुई।
यह स्थापना आगरा विश्वविद्यालय से,
सम्बद्ध विश्वविद्यालय के विभाजन से हुई॥
इस विश्वविद्यालय की कुलाधिपति,
आनन्दी बेन पटेल जी हैं।
इस विश्वविद्यालय के कुलपति,
प्रोफेसर विनय पाठक जी हैं॥
15 जनपदों के 170 कॉलेज सम्बद्ध,
इस विश्वविद्यालय से हैं।
अटल, अजीत डोभाल व कोविन्द जी,
आदि पढ़े इस विश्वविद्यालय से हैं॥




रचना :-
शिप्रा सिंह (स०अ०)
उ० प्र० वि० रूसिया
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

05

## दिल्ली विश्वविद्यालय...



शिक्षा के बेहतर आयाम दिलाने में,
दिल्ली विश्वविद्यालय है बेहतर संस्थान।
फरवरी, 1922 में हुई थी स्थापित,
दिल्ली में विश्व प्रसिद्ध ये संस्था महान।।

श्री योगेश त्यागी जी वर्तमान में,
कुलपति का दायित्व निभाते हैं।
भारत के उपराष्ट्रपति महोदय,
कुलाधिपति का पद पाते हैं।।

भारत सरकार द्वारा है वित्तपोषित,
बेहतर शैक्षिक कोर्स कराता है।
रोजगार और जीवन कौशल हेतु,
अवसर नित नये दिलाता है।।

विश्व में जिसकी ख्याति है फैली,
ये दिल्ली विश्वविद्यालय कहलाता है।
18 संकाय और 85 विभाग हैं इसके,
छात्रावास सुविधा भी उपलब्ध कराता है।।

रचना
शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।






# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

06

## पंजाब विश्वविद्यालय



आओ बच्चों! तुम्हें बताएँ,
पंजाब विश्वविद्यालय के बारे में।
जो कई बार बसी और कई बार उजड़ी,
संघर्ष अनगिनत जिसके बारे में।।


सन् 1882 में स्थापना हुई लाहौर में,
देश विभाजन के उपरान्त विस्थापित थी कई स्थानों में।
लाहौर से हिमाचल गयी फिर स्थापित हरियाणा में,
फिर जालन्धर से विस्थापित हुई चण्डीगढ़ में।।

निर्माण कराया कड़ी मेहनत से 'ली-कारबूर्जीये' ने,
डिजाइन सजाया अद्भुत 'पियरे जीनरेट' ने।
विस्तार हुआ 14 से 25 सेक्टर में,
196 कॉलेज चल रहे जिसके अधीन में।।

शिक्षा की आभा चमक उठी,
चमक उठी और फैल गयी।
फहराया विश्व में शिक्षा का परचम,
यह है पंजाब विश्वविद्यालय अनुपम।।

रचना
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्रा० वि०- राजपुर
वि० क्षे० मथुरा, जिला- मथुरा





# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

07

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय



भारत के चार विश्वविद्यालय में,
से एक है यह विश्वविद्यालय।
शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख स्थान,
रखता है इलाहाबाद विश्वविद्यालय।।


सन 1887 में स्थापित किया गया,
यह इलाहाबाद विश्वविद्यालय।
राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में,
घोषित है इलाहाबाद विश्वविद्यालय।।



14 जुलाई 2005 को इसे केन्द्रीय,
विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ।
शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विश्वविद्यालय
के रूप में यह विश्व विख्यात हुआ।।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को,
'पूर्व का ऑक्सफोर्ड' कहा जाता है।
विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट शिक्षा देकर,
यह शिक्षा का परचम लहराता है।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान    शिक्षक का सम्मान    मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 08 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

यह भारत के प्रमुख केन्द्रीय,
विश्वविद्यालयों में माना जाता।
सर सैयद अहमद खान को,
इसका संस्थापक माना जाता।।



आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देता,
250 पाठ्यक्रम पढ़ाये जाते।।
यहाँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु,
देश-विदेश से छात्र हैं आते।।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय की तर्ज में बना,
भारत का पहला विश्वविद्यालय है।
ब्रिटिश राज के समय में बना,
अलीगढ़ जिले में स्थापित है।।

विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में,
1350 लाख पुस्तकें मिलती हैं।
पुस्तकों के साथ यहाँ कई दुर्लभ,
पाण्डुलिपियाँ देखने को मिलती हैं।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उ० प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान    शिक्षक का सम्मान    मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

09

## डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय


आगरा का प्राचीनतम संस्थान,
विद्या का यह महाआलय।
1927 में स्थापित, नाम है,
डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय।।



पूर्व नाम है जिसका,
आगरा विश्वविद्यालय।
इस के खण्दारी परिसर में स्थित,
जीवन विज्ञान विद्यालय।।

कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल
कुलपति आशु रानी हैं।
कैंपस इसका शहरी है,
बिल्डिंग जानी-मानी है।।


बहुत सी प्रसिद्ध हस्तियाँ,
यहां के पूर्व छात्र बने।
भारत के कई प्रधानमन्त्री,
मुख्यमन्त्री, वैज्ञानिक बने।।




रचना

हेमलता गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़


आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।    #9458278429




# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 10 विक्रमशिला विश्वविद्यालय

विक्रमशिला विश्वविद्यालय,
जगत-प्रसिद्ध शिक्षा केन्द्र रहा।
राजवंश के राज्य काल में,
राजा धर्मपाल के द्वारा था ये बना।।




बिहार के भागलपुर में था स्थित,
पाल राजा धर्मपाल ने किया निर्मित।
प्रसिद्ध पण्डित अतीश करते थे शिक्षण,
करते थे धर्म और न्याय का रक्षण।।

160 विहारों का बना विशाल प्रांगण,
लगभग 100 शिक्षक करते थे शिक्षण।
किया बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार,
1193 में नष्ट कर गया इसे बख्तियार।।

व्याकरण, दर्शन, न्याय की देते थे शिक्षा,
तत्व ज्ञान के शिक्षण की थी व्यवस्था।
प्रकाण्ड-पण्डित आते थे लेने परीक्षा,
बिहार के अन्तिचक गाँव में था बना।।

रचना
ब्रजेश सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० बीठना,
लोधा, अलीगढ़





मिशन शिक्षण संवाद

# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 11 असम कृषि विश्वविद्यालय



1969 में हुआ स्थापित,
असम कृषि विश्वविद्यालय।
असम राज्य के जोरहाट में स्थापित,
यह राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय।।

नाम शुमार दुनिया के,
सबसे अच्छे संस्थानों में।
चार वर्षीय डिग्री प्रदान करता,
पशुपालन और कृषि विशेषज्ञता में।।

सुसज्जित एवं बड़ी-बड़ी,
नवीनतम गैजेट्स और उपकरणों की।
देश-विदेश के छात्रों को मिलती हैं,
प्रयोगशालायें अनुसंधानों की।।

कृषि, सम्बद्ध विज्ञान और,
अनुसंधान के क्षेत्र में।
उच्च शिक्षा प्रदान करता है ये,
पशुपालन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में।।



रचना: रचना रानी शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8), नारंगपुर
वि० ख०- परीक्षितगढ़, मेरठ



# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 12 जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय

भारत के मुख्य विश्वविद्यालयों में,
जामिया मिलिया इस्लामिया है।
स्थित है यह राजधानी दिल्ली में,
केन्द्रीय स्तर का विश्वविद्यालय है।,





स्थापित हुआ ब्रिटिश शासन काल में,
अस्तित्व में आया सन् 1920 में।
गाँधी जी, जाकिर हुसैन, संस्थापक थे,
डिजाइन किया दिल्ली के सरवर जंग ने ।।

नौ कुल संकाय हैं विश्वविद्यालय में,
इंजीनियरिंग से लेकर कानून तक।
चालीस लाख कलाकृतियों सहित,
शामिल हैं दुर्लभ किताबें, पांडुलिपियाँ तक।।

---

रचना - प्रतिमा उमराव (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर





# मिशन शिक्षण संवाद

# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

13

## तक्षशिला विश्वविद्यालय



प्रथम विश्वविद्यालय जो,
संसार का कहलाता है।
वर्तमान में रावलपिण्डी,
पाकिस्तान में आता है।।

दशरथ पुत्र भरत के सुत,
तक्ष ने नगर बसाया था।
यहीं पर स्थित विश्वविद्यालय,
तक्षशिला कहलाया था।।

नहीं भान था जब विश्व को,
चिकित्सा की परम्परा का।
तक्षशिला विश्वविद्यालय तब,
आयुर्वेद का केन्द्र बना था।।

कौटिल्य, पाणिनी, जीवक आदि,
शिक्षा यहीं से पाये थे।
साहित्य, व्याकरण रच कर,
आचार्य की संज्ञा पाये थे।।



रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० जारी- 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



मिशन शिक्षण संवाद

# भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 14 पटना विश्वविद्यालय




पटना विश्वविद्यालय की बात करें तो यह,
भारत का सबसे पुराना स्वतन्त्र विश्वविद्यालय है।
हुई स्थापना इसकी 1917 ई० में,
"ऑक्सफोर्ड ऑफ द ईस्ट" से विख्यात है।।

यह विश्वविद्यालय पटना में गंगा के किनारे,
अशोक राजपथ के दोनों और स्थापित है।
2019 में मिली इसे "सी" ग्रेड की वरीयता,
देश का सातवां विश्वविद्यालय से प्रचलित है।।

साइंस कॉलेज, पटना कॉलेज, बी० एन० कॉलेज,
इस विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आते हैं।
नेपाल और उड़ीसा तक इसके क्षेत्रफल का विस्तार,
मुख्य भवन को दरभंगा हाउस भी कहते हैं।।

कुलपति प्रोफेसर रास बिहारी प्रसाद सिंह,
की देखरेख में यह विश्वविद्यालय कार्य करता है।
संवारे यह हर विद्यार्थी के भविष्य को
उन्हें उचित शिक्षा एवं सहयोग देता है।।

रचना
नीलम भास्कर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



शिक्षा का उत्थान    शिक्षक का सम्मान    मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## भारत के प्रमुख विश्वविद्यालय

काव्य मंजरी

## 15 जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय,
1966 में दिल्ली में स्थापित हुआ।
जे एन यू है एक युवा विश्वविद्यालय,
2017 में ये सर्वश्रेष्ठ घोषित हुआ।।




यह विश्वविद्यालय निरन्तर साहस,
प्रयोग और खोज में कार्यरत है।
यू जी सी के अनुसार जेएनयू के,
कई शैक्षिक केन्द्र उत्कृष्ट हैं।।

यहाँ के छात्र परम्परागत शिक्षा,
से अलग करते शोध कार्य खास।
व्यापक और विशेष कार्यप्रणाली,
जगाती ज्ञान की एकता में विश्वास।।

वर्तमान में प्रोफेसर शान्तिश्री धुलिपुड़ी,
यहाँ की तेरहवीं कुलपति हैं बनीं।
जे एन यू से ही इन्होंने की पी एच डी,
यहाँ की पहली महिला कुलपति बनीं।।

रचना
ज्योति सागर' सना (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत



आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।    #9458278429

शिक्षा का उत्थान शिक्षक का सम्मान मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# काव्य मंजरी

## रचनाकारों की सूची

| | |
|---|---|
| 01- पूनम गुप्ता, अलीगढ़ | 09- हेमलता गुप्ता, अलीगढ़ |
| 02- भावना शर्मा, मेरठ | 10- ब्रजेश सिंह, अलीगढ़ |
| 03- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर | 11- रचना रानी शर्मा, मेरठ |
| 04- शिप्रा सिंह, फतेहपुर | 12- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर |
| 05- शिखा वर्मा, सीतापुर | 13- ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा |
| 06- उमा ठाकुर, मथुरा | 14- नीलम भास्कर, बागपत |
| 07- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात | 15- ज्योति सागर, बागपत |
| 08- शहनाज़ बानो, चित्रकूट | |

**मार्गदर्शन**

राजकुमार शर्मा, चित्रकूट

**तकनीकी सहयोग**

जितेन्द्र कुमार, बागपत

ज्योति सागर, बागपत

नैमिष शर्मा, मथुरा

संकलन :- काव्य मंजरी टीम, मिशन शिक्षण संवाद